MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

// UNIVERSITY LIBRARY //

-: NEWS CLIPPING SERVICE -:

DATE:17 MARCH 2026

एमसीयू में 'प्रतिभा-2026' का शुभारंभ, 30 तक होंगी सांस्कृतिक व खेलकूद प्रतियोगिताएं

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) के वार्षिकोत्सव 'प्रतिभा-2026' का शुभारंभ सोमवार से हो गया।

विश्वविद्यालय के बिशनखेड़ी स्थित परिसर के गणेश शंकर विद्यार्थी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी तथा डीन छात्र कल्याण और डीन अकादमिक ने मां सरस्वती, दादा माखनलाल चतुर्वेदी और भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस अवसर पर कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी ने कहा कि 'प्रतिभा' कार्यक्रम विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण आयोजन है, जो विद्यार्थियों की कला, खेल और अन्य रचनात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने और भविष्य के पेशेवर जीवन में बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विश्वविद्यालय स्तर पर विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में पत्रकारिता विभाग के विद्यार्थियों मयंक आनंद और कार्तिका गोथवाल द्वारा डिजाइन किए गए 'प्रतिभा-2026' के लोगो का विमोचन भी किया गया। 'कला और खेल का समागम' टैगलाइन वाले इस लोगो में मंचीय कला और खेल गतिविधियों को दर्शाया गया है। इस दौरान जनसंचार विभाग की छात्रा डवीरू मोहना ने ओडिसी नृत्य के माध्यम से गणेश वंदना प्रस्तुत की, जबकि डिजिटल जर्नलिज्म के विद्यार्थी आर्यन वाजपेई ने कविता पाठ किया। विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने गायन की भी प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली, स्वरचित काव्यपाठ, फीचर लेखन, पोस्टर निर्माण और मोबाइल शॉर्ट फिल्म मेकिंग जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सहायक कुलसचिव विवेक सावरीकर ने किया। 'प्रतिभा-2026' के तहत 30 मार्च तक विभिन्न सांस्कृतिक और खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'NAIDUNIYA'17 MARCH.2026